Digital India
Power To Empower

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
MINISTRY OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY
सत्यमेव जयते

NIC एनआईसी National Informatics Centre

10TH MAY, 2024

पद्म भूषण डॉ. एन. शेषगिरि का जन्मदिन समारोह

एनआईसी के संस्थापक और प्रथम महानिदेशक

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
ओड़िशा राज्य केंद्र
भुवनेश्वर

पद्म भूषण डॉ. एन. शेषगिरि का जन्मदिन समारोह

एनआईसी के संस्थापक और प्रथम महानिदेशक पद्म भूषण डॉ. एन. शेषगिरी का जन्मदिन 10 मई, 2024 को एनआईसी, ओड़िशा राज्य केंद्र में मनाया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए, उस दिन एनआईसी कर्मचारी एसोसिएशन फॉर रिक्रिएशन एंड स्पोर्ट्स (NEARS), ओड़िशा द्वारा भुवनेश्वर में एक रक्तदान शिविर और एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया ।



10 मई की सुबह दीप प्रज्ज्वलन के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसके बाद सभी अधिकारियों श्रद्धा सुमन अर्पित की। इसके बाद रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ । शिविर का आयोजन श्री सत्य साईं सेवा संगठन, ओड़िशा के सहयोग से भारतीय रेड क्रॉस, ओड़िशा शाखा के डॉक्टरों और कर्मचारियों की देखरेख में किया गया था। शिविर में एनआईसी, ओड़िशा से 67 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्र किया गया।

पद्म भूषण डॉ. एन. शेषगिरि का जन्मदिन समारोह

इस अवसर पर एसयूएम अल्टीमेट मेडिकेयर(SUM ULTIMATE MEDICARE) भुवनेश्वर के डॉक्टरों और कर्मचारियों की सहायता से एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर के दौरान, प्रतिभागियों को डॉक्टरों से व्यापक परामर्श मिला और बीपी, शुगर, ईसीजी और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच सहित महत्वपूर्ण जांचें हुईं।

अपरान्ह को एनआईसी, ओड़िशा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी डॉ श्री अशोक कुमार होता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रक्तदान किए सभी स्वयंसेवियों को को प्रमाण पत्र और उपहार वितरित किए गया।